Re : Talks for separate Jharkhand State.

SHRI P. UPENDRA (ANDHRA PRADESH) : Madam, last week, some hon. Members referred to the on-going agitation in Bihar for a separate Jharkhand State. They also referred to the report that the Centre has agreed for a sub-State in Bihar. The hon. Home Minister responded by saying that he was calling the concerned parties for talks. Today's newspapers say that the Bihar Chief Minister has said that he was not eveni consulted by the Centre on this matter and I also understand that the parties have not been called so far for talks by the hon. Home Minister. Would he kindly tell us what the present state of affairs is and when the talks are likely to be resumed ?

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल (उत्तर प्रदेश) : मैडम, अर्जुन सिंह जी के मामले पर मैं बात करना चाहता हूं क्योंकि मैंने कल यह मसला उठाया था और सारी आपोजीशन ने उसको सपोर्ट किया था।... (व्यवधान)...

شری محمد افضل عرف م۔ افضل: میڈم ارجن جی کے معاملہ پر میں بات کرنا چاہتا ہوں کیوں کہ میں نے کل یہ مسئلہ اٹھایا تھا اور ساری اپوزیشن نے اس کو سپورٹ کیا تھا۔" مداخلت"...

उपसभापति : आप सब मंत्रियों के फिर नाम ले रहे हैं।... (व्यवधान)...

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मैडम, उनके टेलीफोन टैप हो रहे हैं और आज उन्होंने खुद ही इन्क्वायरी की मांग की है। यह बहुत अहम मसला है। (व्यवधान)...

[ ] Transliteration in Arabic Script.

شری محمد افضل عرف م۔ افضل: میڈم ان کے ٹیلیفون ٹیپ ہو رہے ہیں۔ اور آج انھوں نے خود ہی انکواری کی مانگ کی ہے۔ یہ بہت اہم مسئلہ ہے.... "مداخلت"...

THE DEPUTY CHAIRMAN : 1 have allowed Mr. Pramod Mahajan.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN) : Madam, may I react to what Mr. Upendra has said ? After the Budget Session is over—it might bs over today—-after about a week or so I will be able to contact both ;he parties and discuss with them. Thereafter, we will be able to find out from them as to whether any suggestion given is going to be acceptable to any of them.

Re : Bomb Explosions in Bombay

श्री प्रमोद महाजन (महाराष्ट्र) : उपसभापति महोदया, कल मुम्बई के बम विस्फोटों पर जब चर्चा हुई तो आदरणीय गृह मंत्री जी ने कहा कि जांच ठीक तरह से चल रही है और यहां चर्चा करके उसमें समस्याएं खड़ी न करें। मैं उनकी भावनाओं को तो समझ सकता हूं, लेकिन जो नए प्रमाण पत्र इसमें मिल रहे हैं, इस मिलने के संबंध में सदन को कुछ तथ्यों का पता नहीं चल रहा है, लेकिन समाचार पत्रों में यह आया है कि बेहरीन से जो समाचार आया है उसके अनुसार मैमन परिवार पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरवेज की उड़ान पी० के० 214 से दुबई से कराची जो बीच में कहीं नहीं रुकती है, कराची चला गया है। इसका अर्थ यह है कि मैमन परिवार को पाकिस्तान ने आश्रय दिया है और जब मैमन परिवार को पाकिस्तान आश्रय देता है तो इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि मुम्बई में बम विस्फोट जो हुए हैं उसमें पाकिस्तान का किसी न किसी प्रकार से कोई न कोई संबंध था। गृह मंत्री जी यहां

†[ ] Transliteration in Arabic Script.